कार्यालय केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, गाजीपुर।

सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधिष्ठान के निष्प्रयोज्य फर्नीचर, दरवाजा, विन्डो ए0सी0, लोहे की छड, आम की लकड़ी एवं अन्य विविध उपस्करो की सार्वजनिक नीलामी, नीलामी समिति की उपस्थिति में दस कक्षीय न्यायालय भवन के मुख्य सभागार में दिनांक–26.07.2022 को अपरान्ह् 01.30 बजे की जायेगी।

इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय एवं निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर बोली बोल सकते है। नीलामी की शर्ते निम्नवत है :–

1– निष्प्रयोज्य फर्नीचर, दरवाजा, विन्डो ए0सी0, लोहे की छड, आम की लकड़ी एवं अन्य विविध उपस्करों की नीलामी जहॉ भी है तथा जिस स्थिति में है, की जायेगी।

2– किसी भी कार्य दिवस में सायं 04.00 बजे से 05.00 बजे के मध्य निष्प्रयोज्य फर्नीचरों एवं अन्य विविध प्रकार के उपस्करों का निरीक्षण किया जा सकता है।

3– प्रत्येक बोलीदाता को अपना फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

4– सबसे अधिक बोली बोलने वाले व्यक्ति की बोली स्वीकार की जायेगी, लेकिन साथ ही जनपद न्यायाधीश महोदय, गाजीपुर को किसी भी उच्च बोली को बिना कारण बताये सरसरी तौर पर निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

5– बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली बोलने से पूर्व मु0 2500/– की नकद धनराशि बतौर जमानत जमा करनी होगी।

6– नीलामी की कार्यवाही होने के पश्चात प्रत्येक ठेकेदार को 25 प्रतिशत धनराशि अविलम्ब जमा कराना होगा तथा नीलामी बोली अनुमोदित होने के उपरान्त शेष 75 प्रतिशत धनराशि एक सप्ताह में जमा कराना होगा।

7– नीलामी के उपरान्त निष्प्रयोज्य फर्नीचरों एवं अन्य विविध उपस्करों को स्वयं के खर्च से ले जाना होगा।

8– अन्य कोई भी शर्त नीलामी से पूर्व समिति द्वारा घोषित की जा सकती है, जिसे मानना प्रत्येक के लिए बाध्यकारी होगा।

दिनांक–20.07.2022

(संजय कुमार यादव–।)
प्रभारी अधिकारी, नजारत/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष सं0 03
जनपद न्यायालय, गाजीपुर।